# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–03.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर आज झारखंड विधानसभा में पेश करेंगे बजट, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण पर सरकार का रहेगा विशेष ध्यान।
2. रांची में राजद और सरायकेला खरसावां में आजसू ने संगठन मजबूत करने की बनाई रणनीति, सदस्यता अभियान तेज।
3. जैक ने जारी किया कक्षा 8वीं और 9वीं की परीक्षा का नया शेड्यूल, 8वीं की परीक्षा 10 मार्च को, 9वीं की परीक्षा 11 और 12 मार्च को होगी।
4. आज झारखंड का मौसम रहेगा साफ, सूर्यास्त शाम 5 बजकर 51 मिनट पर होगा।
5. आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी में भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया, वरुण चक्रवर्ती बने प्लेयर ऑफ द मैच।

*******************

झारखंड विधानसभा में आज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट पेश करेंगे। इस बार बजट का आकार 7 से 10 प्रतिशत बढ़कर करीब एक करोड़ पचास लाख रुपये की होने की संभावना है। बजट में ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

*******************

रांची में झामुमो केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बजट सत्र को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहली बार बिना विपक्षी नेता के झारखंड विधानसभा में बजट पेश किया जाएगा। श्री भट्टाचार्य ने इसे 3डी बजट बताते हुए समृद्धि, खुशहाली और विकास को प्राथमिकता देने की बात कही।

*******************

भाजपा संगठन महापर्व के तहत हजारीबाग में मंडल अध्यक्ष से जिला अध्यक्ष तक के चुनाव करवाए जा रहे हैं। पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव और जिला प्रभारी विनोद सिंह को चुनाव प्रक्रिया की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समीर उरांव ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक व्यवस्था से चलने वाली पार्टी है, जहां हर तीन साल में चुनाव और सदस्यता नवीकरण होता है।

*******************

रांची में प्रदेश राजद कार्यालय में सदस्यता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए बैठक आयोजित हुई। युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि 31 मार्च तक प्रत्येक बूथ पर 25 सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य है।

*******************

सरायकेला–खरसावां में आजसू पार्टी अध्यक्ष रामरतन महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और प्रखंड स्तर पर सदस्यता अभियान शुरू करने पर चर्चा की गई। श्री महतो ने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की अपील की।

*******************

जैक ने कक्षा 8वीं और 9वीं की परीक्षा का पुनर्निर्धारित कार्यक्रम जारी कर दिया है। कक्षा 8वीं की परीक्षा 10 मार्च को होगी, जबकि कक्षा 9वीं की परीक्षा 11 और 12 मार्च को आयोजित की जाएगी। छात्रों के प्रवेश पत्र 5 मार्च से उपलब्ध होंगे और आंतरिक मूल्यांकन से जुड़े अंक 18 से 30 मार्च तक अपलोड किए जाएंगे। परीक्षा में शामिल होने के लिए रोल शीट, ओएमआर शीट और अटेंडेंस शीट का उपयोग अनिवार्य होगा।

*******************

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए 3 और 4 मार्च को पंडित दीनदयाल उपाध्याय–रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। इस ट्रेन में एसएलआर के 2 और सामान्य श्रेणी के 20 कोच होंगे।

*******************

रांची मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आज झारखंड का मौसम साफ रहेगा और अधिकतम तापमान लगभग 30 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं कल राज्य का अधिकतम तापमान लगभग 29 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज सूर्यास्त शाम 5 बजकर 51 मिनट पर होगा।

*******************

धनबाद में बदलते मौसम के साथ जंगली हाथियों का कहर भी नजर आ रहा है।

*******************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- देवघर के कुंडा थाना क्षेत्र में ट्रैफिक चेकिंग के दौरान असंतुलित होकर गिरने से एक महिला की मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।
- जमशेदपुर में टाटा स्टील आज अपने संस्थापक जमशेदजी टाटा की 186वीं जयंती भव्य रूप से मनाएगा। शहर के पार्क, चौक–चौराहे और सड़कों को विद्युत सज्जा से जगमग किया जाएगा।
- हजारीबाग के चौपारण में तालाब में नहाने के दौरान दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

*******************

दुबई में आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप–ए के अंतिम लीग मैच में कल भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रन से हरा दिया है। 250 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड 45 ओवर और 3 गेंद में 205 रन पर ऑल आउट हो गई। न्यूजीलैंड की तरफ से केन विलियमसन ने सर्वाधिक 81 रन बनाए। वरूण चक्रवर्ती ने 5 विकेट कुलदीप यादव ने दो हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल और रविन्द्र जडेजा ने एक–एक विकेट लिया। वरूण चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में आज पेश होने वाले बजट की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण के शब्द हैं–आज पेश होगा झारखंड का बजट, जनता की जेब पर बोझ नहीं, सबको लुभाने की होगी कोशिश।

प्रभात खबर की सुर्खी है–आज आएगा अबुआ बजट, कल्याणकारी योजनाओं पर होगा जोर।

हिन्दुस्तान लिखता है–वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर वित्तीय वर्ष 2025– 26 का बजट रखेंगे हेमंत सरकार आज पेश करेगी अबुआ बजट।

दैनिक भास्कर लिखता है–वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर पहली बार विधानसभा में पेश करेंगे बजट, आज दोपहर पेश होगा झारखंड का बजट।

रांची एक्सप्रेस ने–टीएसपीसी के कुख्यात उग्रवादी रीजनल कमांडर आक्रमण की गिरफ्तारी को सुर्खी बनाई है।

***************